(33)

# कार्यालय नियंत्रक,
# शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
# म0प्र0, भोपाल.

क्रमांक जी0बी0/5(विविध–33)2019–20/2190 भोपाल, दिनांक 1/10/2019

## निविदा सूचना

शासकीय केन्द्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्रणालय, भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर के सम्पूर्ण भवन (कार्यालय एवं मुद्रणालय परिसर) की साफ–सफाई हेतु ईच्छुक साफ–सफाई ठेकेदारों से आई.टी.विभाग की बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आनलाईन निविदा के अंतर्गत न्यून्तम वेतन अधिनियम के अंतर्गत अकुशल श्रमिक को देय प्रति कर्मचारी प्रति माह की, की–डेट अनुसार दरें आमंत्रित की जाती है।

2. ऑनलाईन तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजो की हार्डकापी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 18–10–2019 अपरान्ह 2:00 बजे तक प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों एवं हार्ड कापी के लिफाफो को दिनांक 18–10–2019 अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष डाउनलोड किया जायेगा एवं हार्ड कापी के लिफाफो को खोला जायेगा। निविदाकार की अनुपस्थिति में उपस्थित हुए प्रतिनिधि को अधिकार पत्र प्ररतुत करना होगा।

3. निविदा प्रपत्र एवं शर्तो को अवलोकन हेतु शासकीय प्रेस की वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in पर रखा गया है।

4. सूचना/संशोधन या सुधार की स्थिति में जानकारी आई.टी. विभाग की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

नियंत्रक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
म.प्र. भोपाल

(34)



## Key Dates and Time

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Bid closing & last date & time for submission on online Bids | 17-10-2019 on 2:00 PM |
| 2. | Last Date & time for submission of Hard Copy of Technical Bids. | 18-10-2019 on 2:00 AM |
| 3. | Date of Opening of Technical Bids. | 18-10-2019 on 3:00 PM |
| 4. | Date of Opening of Commercial Bids. | 21-10-2019 on 4:00 PM |

(35)



## साफ–सफाई कार्य का विवरण

| क्र | मुद्रणालय का नाम | सफाई परिसर | सफाई कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, मैदा मिल रोड़, भोपाल | सम्पूर्ण भवन के साथ मुद्रणालय परिसर, खुला परिसर एवं गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी इकाई भवन की साफ–सफाई, बगीचे का रख–रखाव। | 12 |
| 2 | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, महाराज बाड़ा, लश्कर, ग्वालियर। | प्रेस एवं प्रकाशन भण्डार के सम्पूर्ण भवन, खुला परिसर की साफ–सफाई, गमलों का रख–रखाव | 04 |
| 3 | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, जिन्सी हाट मैदान, इन्दौर. | सम्पूर्ण भवन, खुला परिसर की साफ–सफाई रख–रखाव। | 03 |

1. उपरोक्तानुसार शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल के भवन, परिसर एवं मुद्रणालय के अधीन गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी इकाई जो हमीदिया रोड, भोपाल में स्थित है के साथ क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर, इन्दौर की साफ–सफाई हेतु इच्छुक साफ–सफाई ठेकेदारों से आई.टी.विभाग की बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आनलाईन निविदा के अंतर्गत न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत अकुशल श्रमिक को देय प्रति कर्मचारी प्रति माह की, की–डेट अनुसार दरें आमंत्रित की जाती है।

### तकनीकि निविदा की अनिवार्य अर्हताएः–

1.1 निविदा प्रपत्र रूपये 1,000=00 प्रोसेसिंग फीस एवं कर अतिरिक्त का ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किया जा सकेगा।

1.2 ई.एम.डी. राशि रूपये 30,000=00 का भुगतान ऑनलाईन जमा करना होगा एवं प्रमाण स्वरूप आनलाईन जमा राशि का अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।

1.3 निविदाकर्ता फर्म का स्थापना पंजीयन प्रमाण पत्र

1.4 निविदाकर्ता फर्म का पेन नम्बर

1.5 निविदाकर्ता फर्म का जी.एस.टी. नम्बर

1.6 निविदाकर्ता फर्म के संस्था संचालक का पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र

1.7 निविदाकर्ता फर्म का क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र एवं विगत 03 माहों में कर्मचारियों की जमा की गई राशि का पत्रक।

7

(36)



1.8 निविदाकर्ता फर्म का कर्मचारी राज्य बीमा का पंजीयन प्रमाण पत्र एवं विगत 03 माहों में कर्मचारियों की जमा की गई राशि का पत्रक।

1.9 निविदाकर्ता फर्म द्वारा विगत दो वर्षो का आयकर रिर्टन की प्रति

1.10 निविदा की शर्तों पर सहमति स्वरूप निविदाकर्ता फर्म की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षरित प्रति प्रस्तुत करना होगी

1.11 निविदाकर्ता फर्म को यह वचन पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि वह प्रतिबंधित/ब्लैक लिस्टेड नहीं है।

**(उपरोक्त 1.2 से 1.11तक के समस्त दस्तावेजों को निविदाकर्ता फर्म द्वारा ऑनलाईन अपलोड करना होगा एवं सत्यापित कर हार्डकापी के लिफाफें में भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जावेगी। )**

2. मुद्रणालयों में स्थापित प्रिटिंग, कटिंग एवं अन्य मशीनों से निकलने वाले रद्दी कागज को प्रति दिवस उठाकर रद्दी गोदाम में व्यवस्थित रखना होगा। मुद्रणालय प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक चलता है इसकी दोनो पालियों में साफ–सफाई कार्य करना होगा।

3. कभी–कभी शासकीय अवकाश के दिनों में भी मुद्रणालयों में कार्य होता है। जिस अवकाश दिवस को मुद्रणालयों में कार्य होगा, उस दिवस की सफाई व्यवस्था भी करनी होगी जिसके लिये कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा।

4. सप्ताह में कम से कम एक दिन मुद्रणालयों तथा कार्यालयों के फर्शों पर मशीन से सफाई कराना एव खुले स्थान जैसे गैलरी, पोर्च की सफाई पानी एवं मशीन से कराना होगा।

5. कार्यालयों एवं मुद्रणालयों की दीवारों, छतों एवं अन्य स्थान में नियमित रूप से धूल एवं जाले साफ करने होंगे। गोदामों में रखे कागज के बंडलों एवं अन्य सामान से नियमित धूल साफ करनी होगी।

6. कार्यालयों एवं मुद्रणालयों के समस्त शौचालयों एवं मूत्रालयों की नियमित सफाई एवं धुलाई करना होगी। ड्रेनेज चेम्बर्स में कीटनाशक दवाई डालने की व्यवस्था ठेकेदार द्वारा की जावेगी तथा इसकी टूट–फूट होने की स्थिति में उसके सुधार का पूर्ण दायित्व निविदाकार फर्म का होगा ।

7. सफाई कार्य के लिये उपयोग होने वाली **''समस्त प्रकार की सामग्री जो ''सफाई सामग्री विवरण'' मे अंकित है जैसे झाड़ू, पौछा, फिनाईल की गोली, तरल फिनाईल एवं अन्य प्रकार की सफाई सामग्री''** पृथक से देय होगी।

8. निरीक्षण के दौरान यदि सफाई कार्य में कमी दृष्टिगत होती है तो निविदाकर्ता फर्म पर 2000=00 प्रति निरीक्षण का जुर्माना लगाया जा सकता है जो फर्म के देयक से काटा जावेगा।

9. मुद्रणालय तथा कार्यालय की सफाई का मुख्य कार्य जैसे झाड़ू, रददी कतरन एकत्रित करने का कार्य प्रातः 8:30 बजे के पूर्व अनिवार्यतः पूर्ण करना होगा।

10. बगीचे की नियमित सफाई, कटाई–छटाई एवं आवश्यकता अनुसार समय पर पानी देना होगा।

11. कार्यालयों एवं मुद्रणालयों परिसर के बगीचे के अतिरिक्त कार्यालयों एवं मुद्रणालयों भवन में रखे गमलों में पानी देना तथा समय–समय पर बगीचे के पौधों एवं घास की कटाई–छटाई करना होगी।

12. बगीचे के उपयोगी औजारों की व्यवस्था निविदाकार फर्म द्वारा की जावेगी।

13. शासन द्वारा समय–समय पर जारी प्रतिबन्धों के कारण यदि भुगतान में किसी प्रकार का विलम्ब होता है तो निविदाकर्ता फर्म को किसी प्रकार के ब्याज देय नहीं होगा।

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं फर्म की सील

(37)



## निविदा की अन्य शर्तें

1. मुद्रणालय परिसर का स्थल निरीक्षण करनें के उपरान्त ही निविदाकार फर्म अपनी दरें प्रस्तुत करें।

2. निविदाकर्ता फर्म प्रत्येक या किसी एक मुद्रणालय के लिए भी दरें प्रस्तुत कर सकेगा।

3. सफल निविदाकार को अनुबंध के साथ प्रतिभूति के रूप में वार्षिक ठेके की राशि का न्यून्तम 10% राशि का 12 माह की अवधि का एफ.डी.आर. नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल के पक्ष में तैयार कर अनुबंध निष्पादित करना होगा।

4 साफ–सफाई कार्य का विवरण के पैरा–एक में उल्लेखित कार्य अकुशल श्रमिक से करवाना होगा। यदि किसी दिन निर्धारित से कम कामगार लगाये जाते हैं तो उक्त दिवस की अनुपस्थिति का वेतन काटकर ही भुगतान किया जावेगा। सफाई कामगारों को मुद्रणालय द्वारा विशेष पास जारी किये जावेंगे तथा पास गेट–कीपर को दिखाने पर ही प्रवेश की अनुमति दी जावेगी।

5 निविदाकर्ता फर्म को साफ–सफाई कार्य में लगाये गये कर्मचारियों को न्यून्तम वेतन अधिनियम के अंतर्गत अकुशल श्रमिक को देय वेतन के साथ ई.एस.आई. एवं ई.पी.एफ की राशि स्वंय जमा करने का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा।

6 निविदाकर्ता फर्म को मासिक आधार पर भुगतान किया जावेगा, परन्तु यदि किन्हीं कारणों से मासिक भुगतान नहीं हो पाता है तो विलम्ब से भुगतान के लिये किसी प्रकार का ब्याज इत्यादि देय नहीं होगा।

7. निविदाकर्ता फर्म को कार्य पर नियोजित किये गये कर्मचारियों को श्रम कानून के अंतर्गत ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई की राशि स्वयं जमा करना होगी तथा कार्यरत कर्मचारियों के नाम से त्रैमासिक ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. मद में जमा की गई राशि का अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त के अभाव में मासिक देयकों का भुगतान रोक दिया जावेगा।
   I. न्यूनतम वेतन अधिनियम,
   II. कर्मचारी भविष्य निधि,
   III. कर्मचारी राज्य बीमा।

8. यदि कार्य के दौरान किसी भी कर्मचारी के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसकी क्षतिपूर्ति का पूर्ण उत्तरदायित्व अनुबंधकर्ता फर्म का होगा।

9. अनुबंधकर्ता फर्म द्वारा मुद्रणालयों में लगाये जाने वाले कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा ।

10. कर्मचारियों को वर्दी में कार्य पर उपस्थित होना होगा। वर्दी की व्यवस्था अनुबंधकर्ता फर्म को करना होगी।

11. यदि अनुबंधकर्ता फर्म का कार्य संतोषजनक नहीं होगा तो कार्य में सुधार करने के लिये अनुबंधकर्ता फर्म को नोटिस दिया जावेगा, परन्तु यदि फिर भी कार्य संतोषजनक अथवा शर्तों के अनुरूप नहीं होता है तो तत्काल प्रभाव से ठेका समाप्त कर प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी।

12. यदि अनुबंधकर्ता फर्म निविदा में अंकित संख्या से कम कर्मचारी लगाकर कार्य करवाता है तो उसी अनुपात में उसके देयक से कम अनुपस्थित कर्मचारी की राशि का कटौत्रा किया जाकर ही भुगतान किया जावेगा।

13. अनुबंध एक वर्ष की अवधि के लिये किया जावेगा। अपरिहार्य परिस्थितियों में दोनो पक्षो की सहमति उपरांत अनुबंध अवधि में आगामी तीन माह तक की वृद्धि की जा सकेगी।

14. किसी भी निविदा को मान्य अथवा अमान्य करने का अधिकार नियंत्रक के पास सुरक्षित रहेगा।

15. विवाद की स्थिति में नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0 भोपाल का निर्णय अंतिम एवं दोनों पक्षों को बंधनकारी होगा।

16. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल होगा ।

**नोट** :—निविदाकार शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर पदमुद्रा सहित अंकित कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।

**नियंत्रक**
**शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,**
**म0प्र0,भोपाल**

## कामर्शियल दर पत्रक

निविदाकर्ता फर्म का नाम :

| स.क्र | मजदूरी व भत्ता विवरण | मात्रा | इकाई | दर | राशि रूपयो में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्मी (अकुशल)<br>(भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर) | 19 | मासिक | | |
| अ | कुल मासिक भत्ता प्रति श्रमिक | | | | |
| ब | सम्पूर्ण भवन के साथ मुद्रणालय परिसर, खुला परिसर एवं गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी इकाई भवन की साफ–सफाई, बगीचे का रख–रखाव हेतु सफाई सामग्री की लागत। | | | | |
| स | मोबाईल प्रभार शुल्क / वर्दी शुल्क (श्रमिक 19) | | | | |
| द | कुल मासिक राशि अ+ब+स | | | | |

स्थान–

दिनांक :

ठेकेदार सील और हस्ताक्षर

# सफाई सामग्री विवरण

| स.क. | सामग्री विवरण | मात्रा | दर | राशि रूपयो में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिनाईल लिक्विड (तरल) | Ltr. | | |
| 2 | फिनाईल की गोली | Kg. | | |
| 3 | फूल झाडू | Nos. | | |
| 4 | खारांटा झाडू | Nos. | | |
| 5 | आर 1 | Ltr. | | |
| 6 | आर 2 | Ltr. | | |
| 7 | आर 5 | Ltr. | | |
| 8 | आर 6 | Ltr. | | |
| 9 | टेबल सफाई कपड़ा | Nos. | | |
| 10 | पौछा (गीला) | Nos. | | |
| 11 | पौंछा (सूखा) | Nos. | | |
| 12 | लग्गा | Nos. | | |
| 13 | डिटॉल तरल साबुन | Ltr. | | |
| 14 | रूम फ्रेशनर | Nos. | | |
| 15 | ओडोनिल | Nos. | | |
| 16 | टॉयलेट रोल | Nos. | | |
| 17 | टॉयलेट ब्रश | Nos. | | |
| 18 | कचरा पन्नी 19 x 25 | Nos. | | |
| 19 | चेक डस्टर | Nos. | | |
| 20 | प्लास्टिक वाइपर | Nos. | | |
| 21 | पीला सफाई कपड़ा | Nos. | | |